भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 105**

**02फरवरी, 2021 को उत्तरार्थ**

**विषय: गन्ने की खेती**

**105. श्री रविन्दर कुशवाहाः**

**श्री रवि किशनः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगेकिः**

(क) क्या देश के कुछ राज्यों में गन्ने का बुवाई क्षेत्र घटता जारहा है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरानउपलब्ध बुवाई क्षेत्र का वर्ष-वार/राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्याहै;

(ग) इस अवधि के दौरान उत्पादित गन्ने का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या गन्ने के बुवाई क्षेत्र और इसके उत्पादन में वृद्धि करनेके लिए कोई प्रभावी उपाय किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है;और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसकेक्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री**

**(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)**

(क) से (ग): गन्ने के बुआई क्षेत्र में पिछले वर्षों में घटत-बढ़त होती रही है, यह किसानों की वरीयता, अन्य प्रतियोगी फसलों की ओर क्षेत्र का अंतरण, कृषि जलवायु दशाओं, अंतर-फसल सापेक्ष लाभप्रदता, सिंचाई सुविधाएं, उपलब्ध संसाधनों तथा चीनी मिलों द्वारा किसानोंकोदेय गन्नेका समय पर भुगतान पर निर्भर करता है।

विगत तीन वर्षों एवं मौजूदा वर्ष अर्थात 2017-18 से 2020-21में गन्ने की फसल के तहत बुआई क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश को छोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर तथा अधिकतर राज्यों में घटत-बढ़त की प्रवृत्ति दर्शाता है।

पिछले तीन वर्षो और चालू वर्ष अर्थात वर्ष 2017-18 से वर्ष 2020-21 तक गन्ने की फसल के तहत बुआई क्षेत्र और उत्पादन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(घ) से (ङ): देश में गन्ने का क्षेत्रफल,उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए, सरकार 2014-15 से देश के 13 मुख्य गन्ना उत्पादक राज्यों-आंध्र प्रदेश, बिहार,गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन - वाणिज्यिक फसलों (एनएफएसएम-सीसी) के तहत गन्ना विकास कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।इस योजना के तहत किसानों को लाभ देने के उद्देश्य से फ्रंटलाइन प्रदर्शनों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से प्रौद्योगिकी के अंतरण पर जोर दिया गया है।

राज्य स्तरीय संस्वीकृति समिति (एसएलसीसी) के अनुमोदन से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत भी राज्य सहायता प्रदान कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त,केंद्र सरकार भीगन्ने की बुआई करने के लिए किसानों को प्रेरित करने हेतु बुआई मौसम से बहुत पहले गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) सुनिश्चित करती है। एफआरपी एक न्यूनतम बेंचमार्क मूल्य है जिससे नीचे चीनी मिल गन्ना उत्पादकों से गन्नें की खरीद नहीं कर सकते हैं।

अनुबंध

दिनांक 02.02.2021 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 105 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

वर्ष 2017-18 से वर्ष 2020-21 के दौरान गन्ने का राज्य/संघ क्षेत्रवार क्षेत्रफल एवं उत्पादन

| राज्य /संघ राज्य क्षेत्र | क्षेत्र ('000 हैक्टेयर) | | | | उत्पादन('000 टन) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20* | 2020-21# | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20* | 2020-21# |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| आंध्र प्रदेश | 99.00 | 102.00 | 86.00 | 70.00 | 7789.62 | 8094.62 | 6769.92 | 5465.88 |
| अरूणाचल प्रदेश | 1.79 | 2.13 | ## | ## | 38.38 | 45.80 | ## | ## |
| असम | 30.56 | 31.20 | 31.00 | 31.00 | 1142.97 | 1093.93 | 1147.06 | 1146.91 |
| बिहार | 233.77 | 225.57 | 223.55 | 227.63 | 13824.63 | 20116.29 | 12738.27 | 15577.40 |
| छत्तीसगढ़ | 24.10 | 32.75 | 35.18 | 32.25 | 1158.49 | 1452.14 | 1759.00 | 1757.95 |
| गुजरात | 182.00 | 154.77 | 150.71 | 174.15 | 12072.06 | 11326.38 | 10743.66 | 12159.33 |
| गोवा | 0.00 | 0.89 | ## | ## | 0.00 | 35.31 | ## | ## |
| हरियाणा | 114.00 | 108.70 | 96.30 | 113.30 | 9632.89 | 8505.01 | 7798.18 | 9154.98 |
| हिमाचल प्रदेश | 1.87 | 1.70 | 1.69 | 1.54 | 36.73 | 33.32 | 33.12 | 30.26 |
| झारखण्ड | 8.21 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 574.84 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| कर्नाटक | 370.30 | 471.20 | 400.00 | 594.00 | 31135.19 | 42408.00 | 31600.00 | 46926.00 |
| केरल | 1.05 | 1.01 | 0.95 | 0.28 | 115.11 | 106.30 | 122.54 | 34.22 |
| मध्य प्रदेश | 98.00 | 108.00 | 125.00 | 112.00 | 5430.00 | 5281.74 | 7433.75 | 5532.13 |
| महाराष्ट्र | 902.00 | 1162.80 | 822.20 | 1067.00 | 82984.00 | 89768.16 | 64666.03 | 91762.00 |
| मणिपुर | 6.00 | 5.45 | ## | ## | 348.00 | 315.07 | ## | ## |
| मेघालय | 0.12 | 0.13 | ## | ## | 0.36 | 0.37 | ## | ## |
| मिजोरम | 1.56 | 1.46 | ## | ## | 44.84 | 44.26 | ## | ## |
| नागालैण्ड | 4.43 | 4.44 | ## | ## | 192.75 | 193.18 | ## | ## |
| ओड़ीशा | 3.71 | 6.78 | 8.19 | 7.04 | 240.05 | 417.80 | 453.94 | 431.06 |
| पंजाब | 96.00 | 95.00 | 96.00 | 95.10 | 8023.68 | 7773.66 | 7633.44 | 7855.07 |
| राजस्थान | 5.43 | 5.37 | 4.47 | 4.90 | 381.87 | 447.95 | 326.19 | 285.05 |
| तमिलनाडु | 171.86 | 166.41 | 124.74 | 96.44 | 17153.98 | 17140.23 | 12661.11 | 9644.00 |
| तेलंगाना | 35.00 | 40.00 | 26.00 | 30.00 | 2604.46 | 3183.60 | 1951.17 | 2304.60 |
| त्रिपुरा | 0.81 | 0.66 | ## | ## | 42.49 | 35.91 | ## | ## |
| उत्तर प्रदेश | 2234.00 | 2224.00 | 2208.00 | 2208.00 | 177033.33 | 179714.77 | 178421.86 | 179539.10 |
| उत्तराखण्ड | 90.00 | 91.00 | 92.00 | 93.00 | 6271.38 | 6329.32 | 6937.72 | 7653.90 |
| पश्चिम बंगाल | 19.16 | 15.81 | 19.18 | 19.00 | 1437.00 | 1335.37 | 1723.99 | 1729.00 |
| अ.एवं निको. द्वीप समूह | 0.11 | 0.06 | ## | ## | 1.54 | 3.28 | ## | ## |
| चण्डीगढ़ | 0.61 | 0.00 | ## | ## | 0.00 | 0.00 | ## | ## |
| दादर एवं नगर हवेली | 0.17 | 0.37 | ## | ## | 13.60 | 26.70 | ## | ## |
| पुदुचैरी | 1.45 | 1.44 | ## | ## | 180.63 | 187.72 | # | ## |
| अन्य | एनए | एनए | 15.37 | 15.90 | एनए | एनए | 778.76 | 844.54 |
| **अखिल भारत** | **4737.06** | **5061.09** | **4566.52** | **4992.52** | **379904.85** | **405416.18** | **355699.71** | **399833.38** |

*चौथे अग्रिम अनुमान # प्रथम अग्रिम अनुमानएनए:उपलब्ध नहीं## अन्यों में शामिल

*****